तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 25 नवंबर 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

10 31 मार्च 2026 तक बस्तर संभाग को माओवादियों ...




11 बच्चों ने रंगोली, चित्रकला व पोस्टर का किया प्रदर्शन





## खबर संक्षेप



### शंकर ने रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

**कोण्डागांव।** मुंडाक्षेत्र बुनागाँव के आदिवासी समाज के संगठन पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता शंकर नेताम ने रक्तदान कर जनसेवा का उदाहरण पेश किया। रांधना निवासी मुरहा राम बघेल जो गंभीर हालत में डायलिसिस के लिए रामकृष्ण सेवा सदन अस्पताल में भर्ती थे, को ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। शंकर नेताम ने इसकी जानकारी मिलते ही तुरंत रक्तदान किया। उन्होंने संदेश दिया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और जरूरतमंद को रक्त हर वक्त देने के लिए वे तत्पर रहते हैं। सामाजिक कार्योंर् में सक्रिय नेताम प्राथमिक शाला गुलभा में अंशकालीन सफाई कर्मचारी के रूप में भी अपनी सेवाएं देते हैं।

### माकड़ी में संविधान दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कल




**कोण्डागांव।** बाबा साहेब सेवा संस्था एवं मूलनिवासी समाज द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 26 नवंबर को सुबह 11 बजे माकड़ी के मंडी प्रांगण में आयोजित होगा। कार्यक्रम में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। जो भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य है। डॉ. अंबेडकर द्वारा रचित संविधान ने भारत को एक प्रगतिशील और समतामूलक राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। कार्यक्रम में संविधान की ऐतिहासिकता और उसके सामाजिक प्रभाव पर चर्चा होगी। विशेष रूप से यह बताया जाएगा कि किस प्रकार संविधान ने महिलाओं और पुरुषों के समान अधिकार सुनिश्चित किया। भारत को एक सशक्त लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। बाबा साहेब सेवा संस्था ने सभी नागरिकों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है।

# मालवाहकों पर सवार होकर यात्रा कर रहे ग्रामीण, जोखिम में जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंदरूनी क्षेत्र में ग्रामीण एवं श्रमिक मेटाडोर, ट्रैक्टर और पिकअप में सवार होकर यात्रा कर रहे है। वाहनों पर ड्राइवर की जरा सी लापरवाही से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र में लोहंडीगुड़ा, दरभा, कुरंदी, लामनी सहित स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर, पिकअप से सवारी ढोने का नजारा देखने को मिला। ऐसे वाहनों में कई लोग तो आधे बैठे रहे और कई लटक रहे हैं। पिकअप, ट्रैक्टर, मेटाडोर जैसे वाहनों ने ग्रामीणों के लिए यात्री गाड़ियों का रूप ले लिया है। सड़कों पर ऐसे वाहनों में लोग बेधड़क होकर सफर कर रहे हैं। परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम के कार्रवाई के बाद भी लोग बाज भी नहीं आ रहे हैं। शहर एवं गांवों में बेधड़क ट्रैक्टर, पिकअप दौड़ा रहे कई चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं है।

## यात्री गाड़ियों का रूप ले लिया पिकअप, ट्रैक्टर, मेटाडोर

कई चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं





### चालकों व मालिकों पर होगी सख्ती

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनुपम पटेल ने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मालवाहक वाहनों को सिर्फ सामान ढोने के लिए ही प्रयोग में लाया जा सकता है। सवारियां लाना, ले जाना गैर-कानूनी है। बावजूद इसके नियमों का उल्लंघन खुलेआम किया जा रहा है, ऐसे वाहन के चालकों एवं मालिकों पर सख्ती की जा रही है।

## आयोजन : वन अधिकार और पेसा कानून पर कार्यशाला

# ग्रामसभा अपने अधिकारों को समझे : कांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




बस्तर जिला सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में रविवार को कोया कूटमा समाज भवन परपा में वन अधिकार कानून और पेसा कानून पर एक दिवसीय चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अनुभव शोरी ने बस्तर जिले में वन अधिकार कानून और पेसा कानून के बारे में बताया। अब तक 349 गांवों में सामुदायिक वन संसाधन का अधिकार प्रदान किया जा चुका है। कार्यशाला में देवाजी तोफा डा लेखा, महाराष्ट्र मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि कैसे ग्राम सभाएं लोकतांत्रिक तरीके से निर्णय लेकर गांव के विकास और संसाधनों के प्रबंधन को सक्षम बना सकती हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के पहले सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्राप्त गांव में अपनाए गए सफल वन प्रबंधन मॉडल का उदाहरण प्रस्तुत किया और ग्राम सभा को स्थानीय स्वशासन का सबसे मजबूत स्तंभ बताया। ग्राम सभा सशक्तिकरण अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा कानून 1996 द्वारा आदिवासी समुदायों को अधिकार और स्वायत्तता मिलती है। कार्यशाला में बस्तर जिले के विभिन्न समाजों और 70 गांवों से लगभग 750 लोग उपस्थित थे, जिनमें महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन तुलसी ठाकुर ने किया। कार्यशाला ने वन और पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और सामुदायिक भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, हिड़मो मांडवी, गंगा नाग, अनुभव सोरी, संतु मौर्य, धनुर्जय कश्यप, मानसिंह कवासी, बलवीर सिंह कच्छ, बलदेव , मौरिया, शारदा कश्यप, रुकमणी कर्मा, लखेश्वर कश्यप, वनसिंह मौर्य, रूपचंद नाग, सोमारू बघेल, कमलेश कश्यप एवं सभी समाज के समाज प्रमुखो आदि उपस्थित थे।

■ 70 गांव के लोग रहे उपस्थित

### दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

अश्वनी कांगे ने पेशा कानून, 1996 पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में ग्राम सभा स्थानीय प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जो स्वशासन को साकार कर सकती है। उन्होंने पेशा कानून के अंतर्गत ग्राम सभाओं को मिले अधिकारों जैसे गौण वनोपज, खेती, शिक्षा, जल, जमीन और वन संसाधनों पर स्वामित्व की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने यह भी समझाया कि पेसा कानून के तहत कई अन्य कानूनों जैसे भूमि अधिग्रहण कानून, आबकारी कानून और भू राजस्व संहिता में संशोधन किया गया है। पेसा अधिनियम, 5 वी अनुसूची क्षेत्र मे स्वशासन उमर नियंत्रण, शक्तियां पर वक्तव्य दिया। यह कानून भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 (एम) के तहत लागू होता है और विशेष रूप से उन क्षेत्रों में लागू होता है। भूमि, जल, जंगल, खनिज संसाधनों के उपयोग से संबंधित निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है।

### सदियों से वन संसाधनों का उपयोग

प्रखर जैन ने बताया कि वन अधिकार मान्यता अधिनियम भारत सरकार द्वारा पारित एक महत्वपूर्ण कानून है, जिसे आदिवासी और वनवासी समुदायों के अधिकारों को मान्यता देने के लिए लागू किया गया है। इस अधिनियम का उद्देश्य उन समुदायों को उनके पारंपरिक और ऐतिहासिक अधिकारों ▶▶| शेष पेज 10 पर

# मौलिक अधिकारों के हनन पर मसीही आमसभा में चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मसीह समाज के ऊपर हो रहे अत्याचार, उनके संवैधानिक मौलिक अधिकारों के निरंतर हनन, गैर संवैधानिक ढंग से जिला प्रशासन द्वारा साम्प्रदायिक शक्तियों के प्रभाव में ब्लेस बस्तर महोत्सव के स्थगन आदेश के विरुद्ध एवं शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कब्रस्तिान की गंभीर मांग जैसे विषयों को लेकर रविवार को मिशन ग्राउंड में बस्तर के मसीह समाज की विशाल आमसभा हुई। सात सूत्रीय बिंदुओं को लेकर समाज ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम अपना ज्ञापन सौंपा है। ब्लेस बस्तर के सलाहकार नवनीत चांद एवं मीडिया प्रभारी शेमियल नाथ ने कहा कि इस आमसभा में समाज की बेहतरी के लिए सभी पास्टर्स, मसीही लीडर, ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ सात सूत्रीय मांगों पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

### समाज की सात सूत्रीय मांगें

मसीह समाज की ब्लेस बस्तर महोत्सव को सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा पुनः अनुमति प्रदाय करने की मांग की है। इसके साथ मसीह समाज के संवैधानिक अधिकारों का,लगातार गैर संवैधानिक तरीके से हो रहे अतिक्रमण पर तत्काल रोक की मांग, बस्तर संभाग में मसीह समाज पर हो रहे अत्याचार जैसे फसल कटाई पर रोक, ग्राम पंचायत में कफन-दफन पर रोक, जबरन गैर संवैधानिक रूप से घर वापसी कार्यक्रम पर रोक एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग, बस्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में, मसीह विश्वासियों के अंतिम संस्कार के लिए कब्रस्तिान भूमि आवंटन एवं समाज की निजी जमीन पर कब्रस्तिान संचालन हेतु पंचायत की एनओसी की मांग सहित 7 मांगें शामिल है।

# ओण्डरी में रासेयो का विशेष शिविर शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई ने ग्राम पंचायत ओण्डरी में स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया है। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत ओण्डरी के सरपंच सियाराम नेताम ने किया। यह शिविर 26 नवंबर तक चलेगा। कार्यक्रम अधिकारी सहदेव सिदार ने बताया कि शिविर में स्वच्छता, नशा मुक्ति, कुपोषण से बचाव, पोषण आहार, आयुर्वेदिक चिकित्सा, सार्वजनिक स्थलों की साफ–सफाई, और सौंदर्यीकरण जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अलावा, योग, प्राणायाम और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी शिविर का हिस्सा हैं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में एनएसएस के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह शिविर जागरुकता और विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे पूरे गांव को लाभ मिलेगा। उन्होंने ग्रामवासियों से शिविरार्थियों का सहयोग करने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार विश्वास, उप सरपंच दशरथ मरकाम, पूर्व सरपंच घासीराम मरकाम, तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी और पंचायत के सदस्य उपस्थित रहे।

# मितानिनों के योगदान से ही बच्चों की मृत्यु दर में आई कमी : मद्दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




मितानिन दिवस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में पार्षद सविता गुप्ता ने मितानिनों का सम्मान समारोह रखा। सम्मान समारोह में शहर के मितानिनों को आमंत्रित कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्य का उल्लेख किया गया । मितानिन अपने नाम के अनुरूप शहरी क्षेत्र में 2011 से अब तक कार्य कर रही ।हैं मितानिन बहनों के द्वारा किए जा रहे उल्लेखित कार्यों को स्मरण करते हुए मितानिन बहनों को शाल श्रीफल से तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा मितानिन नाम के अनुरूप मित्रता के साथ समाज के बीच शासन के द्वारा दी गई जिम्मेदारियां को निर्वहन करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन कर रही हैं। मितानिन बहन चाहे प्राथमिक स्वास्थ्य की बात हो प्रसव के पूर्व और प्रसव के पश्चात जच्चा बच्चा की संपूर्ण देखरेख और शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आज शिशु मृत्यु दर में काफी कमी आई है। एक मित्रता के भाव से काम करने वाली मितानिनों का भी बड़ा योगदान है। इनकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। कार्यक्रम का संचालन योगेश ठाकुर ने किया और कार्यक्रम का समापन आभार योगेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर एरिया कोऑर्डिनेटर ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ मितानिन बहनों का प्रयास समाज के लिए प्रेरणा : पांडे

### मितानिन एक सच्ची मित्र

प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडे ने कहा कि मितानिन मतलब एक सच्ची मित्र, एक साथी, और एक मार्गदर्शक। आप सभी ने अपनी मेहनत, लगन, और निस्वार्थ सेवा से यह साबित कर दिया है कि समाज में बदलाव की असली ताकत जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोगों में निहित होती है। आपने हर घर संपर्क कर न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया है, बल्कि जागरूकता फैलाकर यह भी सुनिश्चित किया है कि हर व्यक्ति स्वस्थ जीवन जी सके। के लिए प्रेरणा बनेंगे।

### महती भूमिका निभाई

नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा मितानिनें स्वास्थ्य विभाग से संबंधित है लेकिन समस्त विभागों का जमीनी कार्य का संपादन बखूबी करती हैं डेंगू, मलेरिया का सर्वे का कार्य हो, या डेंगू मलेरिया से प्राथमिक उपचार और इससे बचाव समाज में जागरूकता का लाने की भूमिका भी निभाते हुए कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डालकर जब लोग अपने परिवार की चिंता कर रहे थे तब मितानिन बहने समाज की चिंता कर रही थी। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विद्याशरण तिवारी ने भी संबोधन कर उनके कार्य की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी।

## बांस की नावों में बैठकर नदी के प्राकृतिक सौंदर्य को निहार रहे

# जंगलों के बीच उयधीर पर्यटन स्थल में बांबू राफ्टिंग पर सैलानियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर





बस्तर में जंगलों के बीच पर्यटन स्थल में सैलानियों के लिए बांबू राफ्टिंग एक लोकप्रिय गतिविधि है। यह गतिविधि धुड़मारास, तिरिया, नागलसर और नेतानार जैसे क्षेत्रों में हो रही है जहां जंगलों के बीच से होकर नदियां बहती हैं। बांबू राफ्टिंग में सैलानी बांस की नावों में बैठकर नदी के पानी में तैरते हैं। यह गतिविधि न केवल रोमांचक है बल्कि यह जंगलों की सुंदरता को भी निहारने का भी एक अच्छा अवसर प्रदान करती है। शहर से लगभग 35 किलोमीटर दूरी पर नेतानार के जंगलों के बीच स्थित उयधीर पर्यटन स्थल पर बांबू राफ्टिंग के लिए सैलानियों की भीड़ देखी जा रही है। यह आकर्षक गतिविधि पर्यटकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है, जहां वे प्राकृतिक सौंदर्य के बीच शांतिपूर्ण जलयात्रा का आनंद लेते हैं। इस राफ्टिंग में पर्यटक बांस से बनी नावों पर बैठकर नदियों के ठंडे और साफ पानी में रोमांचक सफर करते हैं। उयधीर पर्यटन समिति के सदस्य हरिदास नाग ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर सैलानियों के लिए बांबू राफ्टिंग और पिकनिक स्थल शुरुआत की गई है। अभी ओडिशा, रायपुर, धमतरी, कांकेर, नारायणपुर, जगदलपुर, कोंडागांव, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा अन्य स्थानों के सैलानी बांबू राफ्टिंग का लुफ्त उठा रहे हैं। बांबू राफ्टिंग एक ऐसी गतिविधि है जो न केवल पर्यटकों को आकर्षित करती है, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार दे रहा है।

■ शांतिपूर्ण जलयात्रा का भी आनंद ले रहे सैलानी

### 15 युवा पर्यटकों के लिए तैनात

प्रतिदिन 15 लड़कों की टोली टिकट काउंटर, पिकनिक स्थल तथा बांबू राफ्टिंग के लिए सहयोग कर रहे हैं। बांबू राफ्टिंग एक अद्भुत पर्यटन अनुभव है जो सैलानियों को जंगलों और नदियों के बीच प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने का मौका मिला है। आसपास का वातावरण हरा-भरा जंगलों से घिरा हुआ है। इसमें पर्यटक बांस की बनी एक साधारण नाव पर सवार होते हैं, जो नदी की धारा के साथ बहती है। यह अनुभव बहुत रोमांचक होता है क्योंकि पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य को करीब से महसूस कर सकते हैं। नदी में सवारी करते हुए विभिन्न जंगली जीवों और पक्षियों को देख सकते हैं।

### बांबू राफ्टिंग अद्भुत पर्यटन अनुभव

सर्व आदिवासी समाज प्रदेश मीडिया प्रभारी पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि बांबू राफ्टिंग एक अद्भुत पर्यटन अनुभव है, जो सैलानियों को जंगलों और नदियों के बीच प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने का मौका मिला है। आसपास का वातावरण हरा-भरा जंगलों से घिरा हुआ है। इसमें पर्यटक बांस की बनी एक साधारण नाव पर सवार होते हैं, जो नदी की धारा के साथ बहती है।

पाठक सूचना
सुकमा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
ब्यूरोचीफ : जयदीप सिंह भदौरिया, सुकमा जिला
दीप न्यूज एजेंसी
पता : मो. अनवर पटनमपारा सुकमा
मो. 9149027841

## खबर संक्षेप



### छात्रों को बताया स्वच्छता का महत्व

**बोरसी (धमतरी)**। शाउमावि रामपुर में विश्व शौचालय दिवस एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता प्रभारी लोकेश्वरी सोन एवं संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में हाथ धुलाई, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, रैली, स्वच्छता स्लोगन, ग्रीटिंग कार्ड, पोस्टर बैनर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें स्कूल के चारों हाऊस के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता का महत्व बताया। मौके पर केआरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस. अग्रवाल, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एल. सोन, एम. ठाकुर समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### रासेयो स्वयंसेवकों ने शिविर में किया योगाभ्यास

**मगरलोड**। ग्राम राजपुर में यशवंत राव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा माय भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता थीम पर संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस की शुरुआत प्रभातफेरी से की गई। दयाराम साहू व्याख्याता ने कपालभाति, भ्रामरी, शेर गर्जना एवं विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास कराया एवं योग का महत्व बताया। बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि पीतांबर सिन्हा, कार्यक्रम अधिकारी शासकीय महाविद्यालय कंडेल ने स्वयंसेवकों को माय भारत के लिए युवा तथा डिजिटल साक्षरता के महत्व को प्रतिपादित करते हुए आगे बढ़ने एवं व्यक्तित्व विकास के लिए एक लक्ष्य बनाकर संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया ताकि प्रत्येक विपरीत परिस्थिति का आसानी से सामना करते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सके। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान से संबंधित प्रहसन तथा लोक पारंपरिक सुआ नृत्य, जनजाति नृत्य प्रस्तुत किए। मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमा चंद्राकर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशोदा साहू, निरूपा साहू, डॉ. सुशीला साहू, नीरज साहू, दीपक कश्यप, योगेश साहू, नेहा चंद्राकर समेत स्वयंसेवक खूबचंद साहू, कुलेश्वर सिन्हा उपस्थित थे।

### जनपद अध्यक्ष ने पानी टैंकर उपलब्ध कराया

**नगरी**। ग्राम पंचायत मुनईकेरा के ग्रामीणों की मांग पर जनपद पंचायत अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ने जनपद निधि से ग्रामवासियों को पानी टैंकर की व्यवस्था उपलब्ध कराई है। ग्राम दिनकरपुर में ग्राम सभा के दौरान उन्होंने पानी टैंकर का लोकार्पण किया। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामवासियों से पानी टैंकर का सदुपयोग करने का आग्रह किया। मौके पर सरपंच महेन्द्र नेताम, समाज प्रमुख मयाराम नागवंशी, ग्राम सभा अध्यक्ष दशरथ नेताम, प्रेमलाल, रामेश्वरी, सोनिया, सचिव बुधराम नेताम, शिक्षक गोकुलराम ध्रुव, महेश कोसरे, राधेश्याम, सुखमन राजेश समेत अनेक ग्रामवासियों ने जनपद अध्यक्ष का आभार माना।

**आयोजन : बस्तर ओलंपिक 2024 के समापन समारोह में विजेता खिलाड़ी पुरस्कृत**

# 31 मार्च 2026 तक बस्तर संभाग को माओवादियों मुक्त बनाने का सब लें संकल्प : उपमुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर






जनजातीय बाहुल्य और माओवाद प्रभावित बस्तर संभाग में खेल के माध्यम से विकास और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया, जिसमें सुदूर गांवों से आए युवा अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इस पहल को जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक खेलों के संरक्षण के साथ ही युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया है। नारायणपुर जिले में जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 23 नवंबर तक किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन नारायणपुर के परेड ग्राउंड और खेल परिसर में किया गया, जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

- नारायणपुर और ओरछा में खेल मैदान बनाने के लिए 50-50 लाख की घोषणा

जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में आज मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के गृह, जेल पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला स्तरीय ओलंपिक में जीतने वाले खिलाड़ियों को 5 से 10 दिसंबर तक जगदलपुर में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में जीतने के लिए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 5 अगस्त 2019 को जम्मू एवं कश्मीर में लागू अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का निर्णय लिया गया, जिसके समाप्त होने से देश में एक ही संविधान लागू हो गया है। बस्तर को विकसित करने के लिए अंदरुनी गांव तक सड़क़, पुल पुलिया, आंगनबाड़ी, स्कूल, पेयजल, बिजली, मोबाइल टावर लगाए जाएंगे। बस्तर की तस्वीर को बदलने का कार्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में कार्य किया जा रहा है। बस्तर को माओवादीमुक्त बनाने में आप सभी की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि माओवादियों ने बस्तर की जनता को विकास से अलग रखने का मंसूबा बना लिया है। जिसके कारण अब तक अंदरूनी गांवो तक स्कूल, सड़क, पुल पुलिया और पेयजल नहीं पहुंच पाई है और बस्तर के बच्चों को अशिक्षित बना रहें हैं। उनके मंसूबों को सफल होंने नहीं देंगे 31 मार्च 2026 तक बस्तर संभाग को माओवादी मुक्त बनाने का संकल्प हम सब को लेना पड़ेगा। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि माओवादियों को डटकर सामना करने के लिए हमें आगे आना होगा। बस्तर को शांत प्रदेश, प्रगतिशील, उन्नतीशील और विकसित बनाने में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति और परंपरा को बचाए रखने के लिए हम सबको आगे आने की आवश्यकता है। बस्तर के खिलाड़ियों में एक अद्भुत प्रतिभाएं हैं, जिसको निखारने के लिए यह बस्तर ओलंपिक के माध्यम से अच्छा अवसर मिला है, जिसे आप लोग अच्छे से प्रदर्शन कर खेल को आगे बढ़ाएं। बस्तर में प्रचुर मात्रा में जल जंगल जमीन है उसको संरक्षित कर अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए योगदान दें। अबूझमाड़ के पहुंचविहीन क्षेत्र में सड़क, पुल पुलिया, पेयजल, स्कूल, आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जा रहा हैं। शीघ्र ही अबुझमाड़ मुख्य धारा से जुड़ने लगेगा। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने ओरछा और नारायणपुर में 50-50 लाख रुपए से खेल मैदान बनाने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा बस्तर ओलंपिक 2024 के जिला स्तरीय के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में खेल भी महत्वपूर्ण होता है। इसलिए खेल में लक्ष्य निर्धारित कर अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए परिश्रम करना आवश्यक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप गांव के प्रतिभाओं को निखारने का अच्छा समय मिला है। इस अवसर का फायदा उठाते हुए राज्य स्तर तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित कर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलकर अपने अनुशासन का परिचय देना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अबूझमाड़ के बच्चों ने मलखम्भ खेलों के हुनरबाज बनकर देश के कई शहरों में प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आयोजन में सहभागिता प्रदान करने वाले खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता खिलाड़ी को पुरस्कार स्वरूप मोमेंटों, ट्राफी, प्रमाण पत्र और गणवेश भी प्रदाय किया गया। आयोजन में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को समहभागित प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।

कलेक्टर बिपिन मांझी ने अपने उदबोधन में कहा कि बस्तर संभाग में खेल के माध्यम से विकास और संस्कृति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में क्षेत्र के युवाओं में विशेष जोश और उत्साह भर दिया है। मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिभावान युवा अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विभिन्न खेल विधाओं जैसे एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कराटे, तीरंदाजी, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल और रस्साकसी की प्रतिस्पर्धाएं शामिल हैं। बस्तर ओलंपिक 2024 क्षेत्र के युवाओं की ऊर्जा और सामर्थ्य को निखारने के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को एक नई पहचान देने का सशक्त माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम को रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्यापतानंद और सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम ने भी संबोधित किया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रताप मंडावी, नगर पालिका परिषद के पार्षद जैकी कश्यप, पंडीराम मंडावी, नारायण मरकाम, गौतम गोलछा, नरेंद्र, संदीप झा, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अभयजीत मंडावी, खेल अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग सहित शिक्षक शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**चटौद में बाल मेला का हुआ आयोजन**

## खेलकूद से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है : प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीजामगांव



शासकीय हाईस्कूल चटौद प्रांगण में बाल मड़ई मेला का आयोजन किया गया। बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। उमंग, आनन्द के साथ अपने रचनात्मक एवं सृजनात्मक तरीके से सीखने का उत्सव मनाया। खेलकूद भी हुए। विभिन्न दुकानों के स्टाल लगाकर बच्चों ने समुदाय को शाला से जोड़ने का प्रयास किया।

कार्यक्रम की अतिथि सहायक विखं शिक्षाधिकारी प्रतिभा ध्रुव ने कहा कि खेलकूद व व्यायाम से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। रचनात्मक एवं सृजनात्मक गुणों का भी विकास होता है। मौके पर बीआरसी कुलेश्वर सिन्हा, प्राचार्य एचआर मरकाम, सरपंच लीला साहू, अध्यक्ष खेमचंद साहू, सांसद प्रतिनिधि बिसेलाल साहू, शिक्षाविद गैन्दूराम ध्रुव, डोमार साहू, गुलाब साहू, हरीश सोनबेर, टिकेश्वर साहू, प्रधानपाठक लेखनी साहू, सुषमा चन्द्राकर, यशोदा गिलहरे, दयानन्द वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, समन्वयक रमेश चन्द्राकर थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सन्तोष कंवर व आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्री मरकाम ने किया।

## किसी ने बड़ा, समोसा, भजिया बेचा तो किसी ने गुपचुप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीजामगांव



शाउमावि जीजामगांव में आनंद बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र छात्राओं ने कक्षा अनुसार विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाकर बाल मेला में अपनी सहभागिता प्रदान की। किसी ने होटल खोलकर बड़ा समोसा भजिया बेचा तो किसी ने गुपचुप के स्टाल लगाए। किसी ने एक गेंद से गिलास के मीनार को तोड़ने और रिंग से अपनी मनपसंद चीज पर निशाना लगाने का स्टाल लगाया था। कार्यक्रम का शुभारम्भ शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शुभमदास बघेल ने किया। मौके पर शाला विकास समिति के सदस्य जीवराखान चंद्राकर, पीएन नेताम, युवलाल चेलक, अरुण साहू, भोजराज सोन, पूर्व अध्यक्ष मोहित साहू, पूर्व सदस्य संतराम साहू, हरिराम साहू, रोहित साहू, बंशीलाल पटेल, श्रीराम साहू, श्यामलाल साहू सरपंच प्रतिनिधि, कृपाराम महिलांगे, पंचायत सचिव कुणाल देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्राचार्य केपी साहू, उपप्राचार्य कंचन कुर्रे समेत शिक्षक स्टॉफ का भरपूर सहयोग रहा।

## निस्वार्थ सेवा करने के कारण माकड़ी विकासखंड की मितानिनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



मितानिन दिवस पर माकड़ी विकासखंड के ग्राम शामपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजा–अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र की मितानिनों को उनकी निस्वार्थ सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत शामपुर, मारागांव, छोटेसलना, बवाई और करमरी की मितानिनों को शाल, साड़ी और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मितानिनों की सेवाओं की सराहना करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ये महिलाएं ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में दिन–रात लगी रहती हैं। आधी रात को भी जरूरत पड़ने पर मितानिन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही हैं, जिससे ग्रामीणों, खासकर महिलाओं और बच्चों को बड़ी सुविधा मिल रही है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि श्रीमती पिंकी गजेंद्र राठौर, सभापति जनपद पंचायत माकड़ी, सरपंच श्रीमती टोकेस्वरी नेताम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भुनेश्वर चौहान, निरंजन वैष्णव, उप सरपंच सुगंध पांडे, नारायण पांडे और भानु प्रताप सिंह ठाकुर ने मितानिनों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि मितानिनों के अथक प्रयासों के कारण राज्य में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। संस्थागत प्रसव में वृद्धि हुई है और बच्चों का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित हो रहा है। मितानिन सेक्टर प्रभारी श्रीमती पुष्पा नाग ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मितानिन कार्यक्रम की शुरुआत 23 नवंबर से हुई थी। इसलिए हर वर्ष इस दिन मितानिन सम्मान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर उपस्थित मितानिनों ने ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख मितानिनों में श्रीमती पुष्पा नाग, गीता देवी सेन, कुवती नेताम, प्रेमवती दीवान, सुनीता ठाकुर, निर्मला कौशिक, हेमवती ठाकुर, पदमनी वैष्णव, अंजनी पटेल और सावित्री मरकाम शामिल थीं। इन मितानिनों ने बताया कि वे नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देती हैं और समय पर दवाइयां या रेफरल सेवाएं प्रदान करती हैं जिससे बच्चों की जान बचाई जा रही है।

- ग्राम शामपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

#### सम्मान से होता है उत्साहवर्धन



श्रीमती पिंकी गजेंद्र राठौर ने कहा कि मितानिनों के निस्वार्थ भाव और सेवाभाव के कारण राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान से मितानिनों को और भी प्रेरणा मिलेगी। उत्साहित होकर इसी तरह समर्पित होकर कार्य करती रहेंगी। यह कार्यक्रम पंचायत के सभी प्रतिनिधियों और ग्रामीण महिलाओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

**राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम कबेंगा में शुभारंभ**

## स्वच्छता ही सेवा थीम पर कबेंगा में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव







शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत कबेंगा में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा थीम पर आधारित यह विशेष शिविर ग्रामीणों में जागरुकता लाने के साथ–साथ स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रहा है। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच नवलूराम मरकाम वरिष्ठ नागरिक नीलकंठ कुलदीप, चरण नेताम सुरजन यादव गायन्ता, पुजारी की उपस्थिति में एनएसएस के ध्वजारोहण के साथ किया गया। अतिथियों के स्वागत वंदन के पश्चात कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी ने सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्देश्य व उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। शिविर के दौरान सात दिनों में विभिन्न प्रकार की आयोजन किए जाएंगे। जिनमें विद्यार्थियों के लिए प्रतिदिन योग, प्राणायाम ,प्रभात, फेरी ,परियोजना कार्यके साथ ग्रामीणों को प्लास्टिक मुक्त भारत, नशा मुक्त भारत एवं स्वच्छता के बारे में विशेष जानकारी दी जाएगी सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन लोक जनजाति कल जनजाति गौरव का इतिहास पर आधारित लोक नृत्य गीत संगीत की प्रस्तुति होगी। ग्रामीणों को कानूनी साक्षरता एवं स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से भी लाभान्वित किया जाएगा। मुख्य अतिथि सरपंच नवलूनेताम ने शिविर के लिए ग्राम पंचायत के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की। इन सात दिनों में ग्रामवासियों द्वारा भरपूर सहयोग दिए जाने पर सहमति व्यक्ति की प्रभारी प्राचार्या पूनम नाग ने अनुशासन में रहते हुए शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

- योग, प्रभातफेरी, नशामुक्त भारत के लिए स्वयंसेवक चला रहे जागरुकता अभियान

#### ये रहे उपस्थित

शुभारंभ अवसर पर चरण नेम वरिष्ठ नागरिक शिवकुमार नेताम संतोष सोनपिपरे, योगेश खापर्डे उमाशंकर साहू ,समस्त शिक्षक हाई स्कूल स्टाफ प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कबेंगा के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

#### ग्रामसभा अपने ....

की सुरक्षा प्रदान करना है, जो वे सदियों से वन संसाधनों का उपयोग करते आ रहे हैं, लेकिन जिनके अधिकार पहले से कानूनन मान्यता प्राप्त नहीं थे।

भूमि से बेदखली की सुरक्षाः इस कानून के अंतर्गत आदिवासी और वनवासियों को वनों पर अपने पारंपरिक अधिकारों का प्रमाणपत्र प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है, जिसमें भूमि पर अधिकार, जल, जंगल और ज़मीन के संसाधनों का उपयोग शामिल है। वन अधिकार मान्यता अधिनियम में आदिवासियों को उनके घरों और कृषि भूमि पर मालिकाना हक प्रदान किया गया है। यह उन्हें भूमि से बेदखली से सुरक्षा देता है।

#### मौलिक अधिकारों के ...

विश्वासियों ने अपनी उपस्थिति दी है। आमसभा में सबकी उपस्थिति व सुझाव एवं राय से मसीही समाज ने गंभीर विषयों पर आगे की रणनीति तय किया है। राज्य के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति बस्तर में, लगातार मसीह समाज के मौलिक अधिकारों पर हो रहे अतक्रिमण, अत्याचार, धार्मिक स्वतंत्रता के संवैधानिक आर्टिकल 25 से 29 के उल्लंघन, अंतिम संस्कार जैसे प्रक्रियाओं पर लगातार और असंवैधानिक रूप से प्रतिबंध, विश्वासियों से मारपीट, फसलों की लूटपाट, कब्रिस्तान आवंटन जबरन रोक, धार्मिक सभाओं पर प्रतिबंध, जैसी गंभीर घटनाओं पर ध्यान आकर्षण, अत्याचार पर रोक और न्याय संगत कार्रवाई समाज की मांग रही है। इस दौरान में ब्लेस बस्तर समित के संयोजक सुदेश जेकब, सचिव जितेंद्र फाउलर, शैलेंद्र शाह, कविता साहू, नेमिहा अब्राहम, नरेन्द्र भवानी, कमल कश्यप, रोतो नेताम, जॉन नाथ, पास्टर धोबी, पास्टर हारून, रोतो नेताम, नरेंद्र भवानी, अनिमेष दास, डेनियल कश्यप आदि शामिल रहे।

#### मितानिनों के योगदान ...

स्वास्थ्य विभाग मोहम्मद नईम कुरैशी वार्डवासी नर्सिंग सेठिया, नारायण चांडक, विवेक झा, रोशन झा, गोकुल साव, विनय झा, वीरू शर्मा, अमर झा, संध्या गुप्ता, आरती तिवारी, मनीष निषाद, प्रेम आचार्य, मनीष खंडेलवाल, कल्लू मामा, शरद भविष्यकर, किशोर ठाकुर के साथ वार्ड वासी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### मिठाई खिलाई, साड़ी, शाल श्रीफल देकर किया सम्मान



**भोंड।** विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुबे उमरगांव में मितानिन दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मितानिनों को मिठाई खिलाने के पश्चात उनको साड़ी, शाल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सरपंच रामया राम मौर्य ने उनके कर्तव्य एवं गांव के प्रति जो दायित्व एवं कार्य को बहुत अच्छे ढंग से लोगों के बीच बताया। उप सरपंच रूपेंद्र भंडारी, कोटवार शोभाराम मानिकपुरी, रोजगार सहायक दीपक कश्यप, रुद्रनाथ साहू, कामेश्वर मौर्य, देवलाल, दिनेश, मितानिन अर्चना देवांगन, पार्वती कोसमा, हेमवती एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बैडमिंटन में बस्तर का दबदबा, मिला 4 मेडल



**बस्तर।** छग शासन के द्वारा आयोजित बस्तर ओलिंपिक के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बस्तर ब्लॉक को 4 मेडल प्राप्त हुआ। जिसमें सीनियर वर्ग में सिंगल में राजीव पटेल को, डबल में रजनीश पटेल एवं योगी ठाकुर को, जूनियर में बालक में डबल में भावेश साव एवं श्रेयाश तिवारी,जूनियर बालिका में सविता मरकाम एवं रिया नेताम ने बस्तर ब्लॉक के लिए मेडल लाए। जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र ने सभी को बधाई दी।

## जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

# बच्चों ने रंगोली, चित्रकला व पोस्टर का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम





राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली एवं आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास नवा रायपुर के निर्देशानुसार 15 नवम्बर से 26 नवंबर तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय गौरव दिवस में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में एकलव्य आवासीय विद्यालय गीदम में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों का पारंपरिक नृत्य के द्वारा स्वागत किया गया। इसके पश्चात धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। उसके पश्चात बच्चों द्वारा विभिन्न पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के जन्म, जन्म स्थली, उनके परिवार, गांव, अंग्रेजों से संघर्ष एवं मृत्यु तक के जीवन काल को प्रदर्शित किया गया व विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही उनके लाभ के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। व्यंजन में मडिया, डांग कांदा, रागी, अरबी कोचई, भाजी, मुनगा भाजी, लाल कांदा, शक्कर कंद का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में इनके स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीणों को भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। शिक्षकों द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के अलावा जनजातीय वर्ग के स्वतंत्रता सेनानी जैसे शहीद वीर नारायण सिंह, गेंद सिंह, हनुमान सिंह, गुण्डाधुर के साथ ही बस्तर अंचल के अन्य जनजातीय महापुरुषों के उत्कृष्ट कार्यो की संक्षिप्त जानकारी दी गई तथा इनसे सीख लेकर आदिवासी समाज के उत्थान के लिए विद्यालय के छात्रों को प्रेरणा दी गई। विद्यालय जिनके नाम से संचालित हो रहा है, ऐसे एकलव्य की जीवनी बच्चों को पढ़ने तथा सिखने की बात कही गई। बच्चों द्वारा किए गए पेंटिंग, चित्रकारी की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के प्राचार्य ने शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास तथा खेल-कूद, सांस्कृति कार्यक्रम के साथ-साथ शैक्षणिक सत्र में बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी व बच्चे उपस्थित रहे।

## दंतेवाड़ा में प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरन्दुल



प्रदेश की सभी निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारी 19 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। दंतेवाड़ा जिले के 5 निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर जुटे हुए हैं। दंतेवाड़ा जिले में भी सभी नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी रविवार सुबह 10 बजे से धरना दे रहे हैं एवं हड़ताल का छठवां दिवस है।

इस बीच दंतेवाड़ा पहुंच कर नगरपालिका परिषद् किरंदुल अध्यक्ष एवं कांग्रेस समर्थित 12 पार्षदों ने धरना स्थल पहुंच अपना समर्थन किया। प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांग है कि समस्त नगरीय निकायों से प्लेसमेंट ठेका प्रथा को समाप्त करने, नगरीय निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन के अन्य विभाग जल संसाधन, पीडब्लूडी, पीएचई व वन विभाग आदि के तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान किया जाये। समस्त नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों को 4 हज़ार श्रम सम्मान राशि प्रदान करने, 5,10,15,20 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर हड़ताल में बैठे हुए हैं एवं आगे भी हड़ताल जारी रहेगी। प्रतिनिधि के रूप राजेंद्र मृणाल राय , गायत्री साहू, कीर्ति राणा दन्तेवाड़ा सभा स्थल उपस्थित हुए। सभा को राजेंद्र मृणाल राय ने संबोधित किया।

## विद्यार्थियों ने खेलों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड



विद्यार्थी जीवन में बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व होता है इससे खेल भावना, परस्पर सहयोग और सद्भावना को बल मिलता है। खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है खेलों से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। सपनों को, हौसलों को उड़ान मिलती है। इसी उक्ति को चरितार्थ करते हुए डीएवी स्कूल जोन बस्तर के सातों डीएवी स्कूलों के मध्य मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी में अंतर विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

■ जोन स्तरीय कबड्डी में हासिल किया पहला स्थान

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि शैलेष कुमार सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एवं सातों डीएवी स्कूलों के प्राचार्य, खेल शिक्षक एवं उनके टीम के स्वागत के साथ किया गया। तत्पश्चात खेल भावना को दर्शाते हुए खिलाड़ियों ने पूरे जोश, लगन और एकाग्रता के साथ मार्चपास्ट किया और शपथ ग्रहण की। खेल स्पर्धा डीएवी के 7 स्कूलों के मध्य हुआ। जिसमें सभी खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बालिकाओं की फाइनल कबड्डी लालगुड़ा और उलनार स्कूलों की टीमों के बीच हुआ। उलनार की टीम ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए खेल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर डीएवी लालगुड़ा रहा। अंत में सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि शैलेष कुमार द्वारा विजेता टीम को सम्मानित करते हुए शील्ड प्रदान की गई। समापन उद्बोधन देते हुए उन्होंने सभी छात्रों का उत्साह वर्धन किया और उन्हें किसी न किसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। डीएवी उलनार के प्राचार्य मनोज शंकर ने भी सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और उनके शारीरिक शिक्षक के कुशल प्रशिक्षण को दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि आगे भी यह खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर खंड और स्कूल का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने बच्चों को इसी तरह मेहनत करने को कहा और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## पुस्तक प्रदर्शनी में बच्चों की दिखी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली





केंद्रीय विद्यालय बचेली में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह 14 से 20 नवम्बर तक मनाया गया। जिसमें लाइब्रेरी विभाग के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कहानी लेखन, पोस्टर बनाना, क्विज आदि का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायक पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी पसंदीदा पुस्तकें घर से लाकर उनका प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पुस्तकों में साहित्य, विज्ञान, इतिहास और प्रेरणात्मक कहानियों से जुड़ी कई विधाओं की झलक देखने को मिली। प्रदर्शनी में विद्यार्थी ने अपनी पसंदीदा पुस्तक के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह साझा किया कि उन्हें वह पुस्तक क्यों पसंद है और अन्य छात्रों को वह पुस्तक क्यों पढ़नी चाहिए।

इस आयोजन में प्राचार्य शेर सिंह राजपूत, लाइब्रेरियन ओम प्रकाश एवं शिक्षकों ने भी भागीदारी की और बच्चों के उत्साह की सराहना की। सभी ने इस प्रयास को एक नई पहल के रूप में देखा, जो बच्चों को पुस्तकों की ओर आकर्षित करने का प्रभावी तरीका है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकों के प्रति आकर्षित करना और पढ़ने की आदत विकसित करना था। यह न केवल एक शैक्षिक गतिविधि थी, बल्कि बच्चों व शिक्षकों के बीच संवाद और विचारों के आदान-प्रदान का अद्भुत उदाहरण भी बनी।

## प्रवीण का राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

शिक्षा का मतलब सर्वांगीण विकास होता है। अकादमिक के साथ-साथ खेल-कूद से भी बच्चों का मानसिक विकास होता है। स्वामी आत्मानंद स्कूल लोहंडीगुड़ा के ग्रामीण बच्चे भी खेलकूद में अव्वल है। जिला और राज्य स्तर पर अच्छे प्रदर्शन के बाद अब छात्र राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में शामिल होने को तैयार है। इसी क्रम में प्रवीण नाग कक्षा 8वीं का छात्र हैंडबाल खेल में जिला और राज्य स्तर शालेय खेल में अच्छे प्रदर्शन के बाद 25 नवम्बर से 29 नवम्बर को महासमुंद में आयोजित 68वां राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंडर 14वर्ष में शामिल होने चयनित हुआ है। प्रवीण नाग की खेलने से ले कर उससे कैम्प तक ले कर जाने के लिए स्कूल के पीटीआई अभिजीत तिवारी का विशेष योगदान था। प्रवीण नाग को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए और अच्छा अनुभव प्राप्त करने के लिए संस्था के प्राचार्य अशोक खापर्डे और समस्त स्टाफ ने संस्था के साथ साथ ज़िला और राज्य के नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में 6 दिवसीय एआईसीटीई अटल कार्यशाला का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

कार्यक्रम के सह समन्वयक अरूण साव ने कार्यशाला की शुरुआत के लिए वक्ता और प्रभारी प्राचार्य आशीष कुमार तिवारी को मां सरस्वती और मां दंतेश्वरी की छायाचित्र पर माल्यार्पण हेतु आमंत्रित किया।

दीप प्रज्ज्वलित एवं मां सरस्वती की वंदना से कार्यशाला की शुरुवात हुई। उक्त कार्यशाला का अंतिम दिवस में उच्च एन्ट्रॉपी मिश्र धातु के लक्षणों एवं वेल्डिंग के विषय पर चर्चा हुई। 6वां दिन के प्रथम सत्र में डॉ. सौम्या गंगोपद्धय प्रोफेसर आईआईटी भिलाई ने रिसर्च मैथिडोलॉजी पर चर्चा की। उन्होंने अपने सत्र में विभिन्न उपायों की चर्चा एवं व्याख्या की। द्वितीय सत्र में कार्यशाला के सभी प्रतिभागी ने पूरे कार्य दिवस के विषय पर परीक्षा दिए। इसके बाद एफडीपी के समन्वयक ऋतुराज चंद्राकर ने सभी प्रतिभागियों को सत्र के बाद पूरे दिवस में हुए कार्यों का सारांश प्रस्तुत किया।

इसके पश्चात कार्यशाला में अन्य जगह से आए प्रतिभागियों ने क्रमवार फीडबैक दिया। इस कार्यशला के प्रयोगशाला प्रशिक्षण विक्रांत तापस एवं अरुण साव द्वारा दिया गया, जिन्होंने समय-समय पर प्रतिभागियों को प्रैक्टिकल नॉलेज दिए। पॉलीटेक्निक कॉलेज शिक्षा को महत्वपूर्ण मानते हुए ऐसे आयोजन लगातार करता आ रहा है और भविष्य में ऐसे आयोजन ओर भी होंगे। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य ने एआईसीटीई व सीएसवीटीयू भिलाई, कॉलेज प्रशासन, एनएमडीसी बचेली एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर को धन्यवाद देते हुए अपने बातों को रखा। कार्यक्रम के सहयोगी समिति के सदस्य विक्रांत तापस, डॉ, रुपेश कुमार सिन्हा, पंकज शर्मा, तकनीकी सहयोगी पापा राव कांबला, डॉ, अखिलेश यदु सपोर्ट स्टाफ तापस घोष, यतेंद्र विनोद, शरद देशमुख, अमर श्रीवास्तव, आलोक प्रकाश एवं युशु साहु थे। कार्यशाला के आखिरी में समन्वयक ऋतुराज चंद्राकार ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस आयोजन दौरान कॉलेज के सभी कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### कुआकोंडा के ग्राम लेंड्रा के हर घर में पहुंचेगा पानी

**दंतेवाड़ा।** लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार कुआकोंडा ब्लॉक के ग्राम लेंड्रा में जल जीवन मिशन के तहत कुल 80 घरों में 40 केएल का उच्च स्तरीय जलागार द्वारा हर घर पानी पहुंचने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया था। कार्यक्रम के तहत ग्राम की सरपंच सोनी कश्यप को अधिकारियों द्वारा हर घर जल प्रमाण पत्र देकर ग्रामीणों को जल संरक्षण शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने बताया कि हर घर में पानी की उपलब्धता होने से महिलाओं का जीवन ही बदल गया है। जल जीवन मिशन के नल की धार ने दूरस्थ अंचलों और गांव में महिलाओं की दिनचर्या और जीवन में बड़ा बदलाव लाया है।

## छेपड़ापारा और नयापारा वासियों के लिए लगाई गई नई ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड



जनपद पंचायत बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़े चकवा छेपड़ापारा और नयापारा में बिजली कम वोल्टेज को देखते हुए ग्राम पंचायत बड़े चकवा वार्ड युवा पंच पूरन सिंह कश्यप सीधे बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया था।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा था कि जल्द ही नया विद्युत ट्रांसफार्मर लगाकर पारावासियों को बिजली की समस्या से मुक्त करने आश्वासन दिए थे। ग्राम पंचायत बड़े चकवा वार्ड क्रमांक 4 के पंच पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के आश्वासन के बाद छेपड़ापारा और नया पारा में अब बिजली की कम वोल्टेज की समस्या से परावासियों को निजात मिलेगी। गांव के लोग दशकों से कम वोल्टेज की समस्या से पीड़ित है। शादी विवाह तथा अन्य धार्मिक कार्यों में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। जनरेटर के माध्यम से कार्यक्रम को संचालित करना पड़ता था। अब उन्हें बुनियादी मांग पूरा होने से खुशी है। इस दौरान मधु कश्यप, गिरधर कश्यप, सामु मौर्य, मंदन कश्यप, चैतन कश्यप, गड्डु, पप्पू, चूमन आदि ग्रामीणों उपस्थित थे।

## गोंडी में सीख रहे जीने की कला, सुकमा उप जेल में आर्ट ऑफ लिविंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सुकमा उप जेल में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था और जेल प्रशासन के सहयोग से बंदियों के जीवन स्तर और व्यक्तित्व विकास हेतु श्रीश्री रविशंकर द्वारा निर्मित 8 दिवसीय प्रिजन स्मार्ट कोर्स 15 नवम्बर से 22 नवंबर तक सिखाया गया। जिसमें योग, प्राणायाम, ध्यान और सुदर्शन क्रिया के द्वारा बंदियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का लाभ मिला, शिविर का संचालन पूर्व योग आयोग छत्तीसगढ़ के सदस्य तथा वरिष्ठ आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक अजय सिंह बैस और बलराम पूनेम के द्वारा किया गया। उप जेल में यह अत्यंत महत्वपूर्ण शिविर बंदियों के सुविधा के लिए हिंदी और गोंडी भाषा में लिया गया, जिसमें 80 बंदियों ने भाग लिया और शिविरोपरांत अनेक बंदियों ने नकारात्मकता, अनिद्रा, मानसिक तनाव से मुक्ति, क्रोध और हिंसा से मुक्ति और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ की बात कही। जेलर राजेश बिसेन द्वारा शिविर के उपरान्त बंदियों में गुणात्मक परिवर्तन को स्वीकार करते हुए संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि योग के आध्यात्मिक अर्थ के अलावा गणितीय अर्थ जोड़ होता है और इस शिविर के माध्यम से हम सब बंदी और जेलर के रूप में नहीं बल्कि मानवीय रूप में सकारात्मक रूप से जुड़ रहे है। प्रशिक्षक अजय सिंह बैस ने बताया कि जेल में रहते हुए बंदी नकारात्मकता के शिकार होकर मानसिक घुटन को महसूस करते हैं और सजा के बाद या जेल से छूटने पर या तो आत्मग्लानि के शिकार हो जाते हैं या पुनः अपराध की ओर लौट जाते है। यह शिविर उन्हें भूतकाल के पश्चाताप और भविष्य की चिंता से निकालकर समाज में सामान्य सकारात्मक जीने हेतु प्रेरित करता है। ज्ञात हो कि संस्था द्वारा संपूर्ण भारत में बंदियों के जीवन मे सकारात्मक सुधार हेतु पूर्णतः निःशुल्क आयोजित किया जाता है। शिविर के समापन के अवसर पर जेलर राजेश बिसेन, आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र सुकमा के आयोजक मनोज देव की सहयोग से संपन्न हुई।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS Authorized dealer | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालय में चयन परीक्षा 19 जनवरी को

**जगदलपुर।** संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ है। प्रचार्य जी. शिवा रेडी (एकलव्य आदर्श आवसीय विद्यालय, कोडेनार, बस्तानार) ने बताया है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 11 नवम्बर से अंतिम तिथि 10 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार करने के लिए 11 दिसम्बर से 19 दिसम्बर को रात्रि 12 बजे तक समय घोषित किया गया है। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 19 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक दो घण्टे आयोजित की जाएगी।

### ठंड बढ़ते ही सब्जियां हुई सस्ती



**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को सब्जियों की आवक अधिक होने से सब्जियों सस्ती हुई। इस रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र खरीददार बाजार में पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजार में इस रविवार को मौसमी सब्जियों की आवक अधिक होने से सब्जियों की दरें कम हुई पर ठंड बढ़ने से बाजार को कारोबार ठंडा रहा। सब्जियां बिक्री होने के चलते संजय मार्केट में सब्जी खरीददार कम दिखे। हालांकि वर्तमान में शहर के बाजार में स्थानीय सब्जियों की आवक अधिक हो रही है, जिससे इस रविवार को सब्जियां की दरें कम हो गई है।

लोकल मटर 200 रूपए किलो ठंड के मौसम में आने वाला लोकल मटर बाजार में 200 रूपए पर रायपुर का मटर 90 रूपए किलो में बिक रहा है। बाजार में रविवार को टमाटर 30-40, भट्टा 30, बरबटी 40, भटटा 40, करेला 40, आलू 40, प्याज 70, अदरक 200, लहसून 400, फूलगोभी 30, पत्तागोभी 30, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 20 रुपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी भाजी 20 रूपए में 13 जूड़ी बिक रहा है।

### अतिरिक्त अर्जित अवकाश जारी करने की मांग

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव,जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष सुभाष पांडे, संजय चौहान तथा प्रमोद पांडे आदि का प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी जिला बस्तर से भेंट कर शिक्षकों के ग्रीष्म अवकाश अवधि में मुख्यालय नहीं छोड़ने के कारण 15 दिनों के अतिरिक्त अर्जित अवकाश का आदेश जारी करने की मांग की गई। प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के समय अन्य विभागों के साथ-साथ शिक्षा विभाग के शिक्षकों को भी मुख्यालय नहीं छोड़ने के आदेश दिए गए थे। बस्तर जिले के समस्त शिक्षक संवर्ग अपने-अपने मुख्यालय में रहकर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 संपन्न कराए।

## 12वीं में टॉपर छात्राओं को स्कूटी देने की घोषणा

# कोरोनाकाल में मितानिनों के अनुशासन और सेवा से हम सुरक्षित रहे : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/भानपुरी

वन मंत्री केदार कश्यप शनिवार को सालेमेटा, केशरपाल व सोनारपाल में आयोजित सरस्वती सायकिल वितरण, प्रधानमंत्री आवास भूमिपूजन व मितानिन दिवस सहित विभिन्न विकास

- **सरस्वती साइकिल वितरण, प्रधानमंत्री आवास भूमिपूजन व मितानिन दिवस कार्यक्रम का आयोजन**

कार्यक्रमों में शामिल हुए।

उन्होंने सोनारपाल में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के विभीषिका के दौरान हम घरों में सुरक्षित रहे क्योंकि मितानिन दीदियों का निस्वार्थ सेवा भाव सराहनीय रहा। कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी मितानिन दीदियां अपने जान की परवाह किये बिना निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य मे जुटी रहीं। उन्होंने मितानिन दीदियों का





आभार व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिये आप सभी सदैव तत्पर रहकर सेवाएं प्रदान कर रहीं है।

बस्तर विकास खण्ड के सालेमेटा में सरस्वती सायकिल वितरण व सड़क निर्माण भूमिपूजन, केशरपाल में महतारी सदन का भूमिपूजन, सायकिल वितरण, प्रधानमंत्री आवास भूमिपूजन सोनारपाल में मितानिन दिवस, साइकिल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

मंत्री ने स्कूली विधार्थियों को साइकिल वितरण के दौरान 12वीं कक्षा में संकुल स्तर पर टॉप करने वाली छात्राओं को स्कूटी प्रदान करने की घोषणा की है। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वरी मंडावी, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, निर्देश दीवान, संतोष बघेल, विजय पांडेय सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक घण्टा राष्ट्र के नाम अभियान बैठक में एक हैं तो सेफ हैं का दिया नारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्व हिन्दू समाज द्वारा एक घण्टा राष्ट्र के नाम अभियान के निमित्त जगन्नाथ मंदिर में शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। विभिन्न समाजों व संगठन के प्रमुख बैठक में उपस्थित हुए और राष्ट्र हित में अपने विचारों को बैठक में रखा। इस अभियान के तहत सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिये देश-विदेश में घट रही घटनाओं के संबंध में आम जन को सजग कर सकारात्मक दिशा में सतत सक्रिय रखना है। बैठक में समविचारी संग संव्यवहार सशक्तिकरण का आधार विषय पर विचार विमर्श किया गया। समाज प्रमुखों ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए समवेत स्वर में सम विचारी संग संव्यवहार पर जोर दिया गया और इस संबंध में व्यापक जन जागरण करने की आवश्यकता बताई एवं 'एक हैं तो सेफ हैं' का नारा दिया गया।

इस दौरान कैलाश राठी, डीके परासर, आर्यन पांडे, अशोक अरोरा, संजय चौहान, हरिशंकर झा, पवन राजपूत, रवि शर्मन, बबला यादव, कौशिक शुक्ला, बीआर साहू, मुकेश शर्मा, अजय पाल सिंह, एल. चंद्रशेखर राव, जीपी यादव, रोहित चावला, डॉ. गोविन्द तिवारी, कृष्ण कुमार परमार, शिव मिश्रा, निर्मल यादव, बलिराम मौर्य, निर्मल देवांगन, धीरज सेट्टी सहित विभिन्न समाज एवं संगठनों के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### हर वार्ड में टीम का गठन

अभियान के समन्वयक एल ईश्वर राव ने बताया कि बैठक में कार्यक्रम का विस्तार करते हुए वार्डों में टीम का गठन किया जा रहा है, जिससे कि अभियान का विस्तार वार्ड स्तर पर हो सके। जिसके पश्चात सप्ताह में एक दिवस तय कर वार्ड स्तर पर राष्ट्र हित से संबंधी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा एवं चिंतन-मनन हो सके। साथ ही बैठक के पश्चात प्राप्त निष्कर्ष को लेकर हर शनिवार को होने वाली 'एक घण्टा राष्ट्र के नाम अभियान' की साप्ताहिक केन्द्रीय बैठक में उक्त वार्ड के प्रमुख सदस्यों के द्वारा रखा जाए ताकि समाज एवं संगठन के वरिष्ठ जनों के समक्ष चर्चा कर राष्ट्रहित में आवश्यक कदम उठाये जा सकें।

## कृषि उपज मंडी के परिसर का धर्मकांटा बना कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में व्यापारियों की सुविधा के लिए 5 लाख रूपए की लागत से लगभग ढाई दशक पूर्व 5-20 टन के

- **ढाई दशक पूर्व 5 लाख की लागत से स्थापित हुआ था धर्मकांटा**

उपज मापने के लिए धर्मकांटा बनाया गया था। धर्मकांटा बनने के 5 साल तक चला पर उसके बाद यह




खराब हो गया, उसके बाद धर्मकांटा को सुधारने के लिए मंडी प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया और अब तक धर्मकांटा कबाड़ बन गया। वहीं दूसरी ओर मंडी परिसर कोपागुड़ा में स्थानांतरित हो गया, जहां धर्मकांटा की जरूरत नहीं होने से धर्मकांटा नहीं ले गए। क्योंकि मंडी व्यापारी अपने उपज की तौल लेकर मंडी पहुंचते हैं। इसके चलते मंडी का धर्मकांटा पुराने परिसर में बेकार हो गया है।

### होगी कार्रवाई

बस्तर संभाग मंडी बोर्ड के प्रभारी संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने बताया कि जगदलपुर कृषि उपज मंडी के खराब धर्मकांटा की सूचना मुख्यालय को दी गई है, मुख्यालय के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी।

## मेंटनेंस के चलते 6 घंटे बंद रही बिजली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य विद्युत ट्रांसमीशन कंपनी के गीदम रोड स्थित 132 केवी उपकेन्द्र पॉवर ट्रांसफॉर्मर का रख रखाव एवं रोड चौड़ीकरण में 11 केव्ही लाईन का शिफ्टिंग कार्य हेतु शहर में शनिवार को 6 घंटे बंद रही।

इस कार्य में सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, बीएस उरांव के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन से अधिक कर्मचारी जुटे रहे। बताया जा रहा है कि दंतेश्वरी वार्ड, बैलाबाजार, राउतपारा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, शिव मंदिर के पास, पुराना आईटीआई के पास, गीदम रोड, नयापारा, कोर्ट चौक, अनुपमा चौक, तेतरकुटी, कंगोली, तिलक नगर, कंगोली आदि क्षेत्र में कहीं 6 घंटे और कहीं 4 घंटे बिजली बंद होने से उपभोक्त परेशान रहे। उपभोक्ताओं ने बताया कि कंपनी दीपावली पूर्व एवं मानसून पूर्व मेंटनेंस करती है फिर भी अचानक मेंटनेंस के चलते बिजली बंद करते हैं।

## एनसीसी दिवस पर रक्तदान...



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन एनसीसी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल की ओर से रविवार को महारानी अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में एनसीसी दिवस पर रक्तदान किया। इसमें शासकीय इंजीनियर कॉलेज ने 23 यूनिट ब्लड दिया। इस अवसर पर ब्लड बैंक के डॉ. डाकेश, कु. रोमा, विकास, विमल आदि शामिल रहे।

## शास्त्र आधारित भक्ति से होगा जीवन में सुधार : संत रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत आड़ावल सामुदायिक भवन में 24 नवम्बर को संत रामपाल महाराज के अनुयायियों द्वारा सत्संग

- **आड़ावल सामुदायिक भवन में महाराज के अनुयायियों किया सत्संग का आयोजन**

का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। इस आयोजन का उद्देश्य मानव जीवन के सच्चे लक्ष्य, सच्ची भक्ति का महत्व



और समाज में व्याप्त कुप्रथाओं को समाप्त करने हेतु जागरूकता फैलाना था। संत रामपाल महाराज ने अपने प्रवचनों में बताया कि मनुष्य जीवन का असली उद्देश्य जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि सिर्फ परिवार और सांसारिक जिम्मेदारियों तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सच्ची भक्ति करना जरूरी है। गीता के अध्याय 9, श्लोक 25 में श्राद्ध एवं पितर पूजा मना किया हुआ है और गीता अध्याय 16, का श्लोक 23 - 24 का हवाला देते हुए उन्होंने समझाया कि शास्त्र विधि के अनुसार भक्ति करने से ही मोक्ष और सुख संभव हैं। संत ने सत्संग के माध्यम से नशाखोरी, दहेज प्रथा और भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों से बचने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि पूर्ण गुरु से नाम दीक्षा लेकर शास्त्र अनुसार भक्ति करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक उन्नति और जीवन में शांति मिलती है। सत्संग से प्रेरित होकर कई श्रद्धालुओं ने इस मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## सांसद कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व हिंदू परिषद् ने सांसद कप टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट् का आयोजन कलचा ग्राम में की है। जिसमें 32 टीम इस भाग लेगी। प्रथम ईनाम 51 हजार व द्वितीय ईनाम 31 हजार के साथ ट्रॉफी दी जानी है। हरि साहू ने बताया आज प्रथम दिवस बस्तर सांसद महेश कश्यप ने इसकी शुरुआत दीप



प्रज्ज्वलित कर किया और खिलाड़ियों से मिल उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान सरपंच कमल नाग, उप सरपंच देवदास बघेल, गरावण्ड खुर्द सरपंच महादेव बघेल, कैलाश ठाकुर, सुखमन नाग, दयाराम बघेल, जयराम बघेल, धनीराम बघेल ,मनधर कश्यप, शेखर देवांगन, सुनील सेठिया, अशोक नाग, पुरनो बघेल, गंगाधर सेठिया, भगवान बघेल, जगदास, उमा बेसरा, परशु बघेल, पिंटू बघेल, बिक्सन नेताम, गजलाल बघेल, गोलूदास उपस्थित रहे(

## भाजपा ने किसानों के साथ किया धोखा : राजमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पूर्व विधायक राजमन बेंजाम ने भाजपा पर आरोप लगाते कहा कि भाजपा ने प्रदेश के किसानों के साथ धोखा किया है। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने वादा किया था कि धान की खरीदी एकमुश्त 3100 रुपए में की जाएगी और किसानों को नगद राशि का भुगतान किया जाएगा। लेकिन जब धान खरीदने का समय आया, भाजपा ने अपने वादे से मुखर होकर केवल 2300 रुपए में धान खरीदी की। उन्होंने यह भी कहा कि बाकी के 800 रुपए देने के लिए भाजपा सरकार के पास कोई योजना नहीं है और ना ही किसानों को बोनस देने का वादा किया है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए प्रदेश के किसानों, बेरोजगारों और महिलाओं से कई वादे किए थे, लेकिन धरातल पर डबल इंजन सरकार पूरी तरह से फैल चुकी है।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

**नारायणपुर**
मो. 9407740955, 9131893124

**कोण्डागांव**
मो. 7000312486, 9131893124

**सुकमा**
मो. 9149027841

**दंतेवाड़ा**
मो. 9425592636, 9131893124

**बीजापुर**
मो. 9131893124

## शारीरिक दक्षता परीक्षा आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन रक्षक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत बस्तर जिला अंतर्गत वन संरक्षक कार्य आयोजना वनमंडल, बस्तर वनमंडल, सामाजिक वानिकी वनमंडल, वन विद्यालय जगदलपुर एवं कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर के 88 विज्ञापित पदों के लिए आवेदन करने वाले 26206 पात्र अभ्यार्थियों का शारीरिक नामजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन भर्ती स्थल शहर के वन विद्यालय स्थित मैदान में 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक होगी। आवेदित अभ्यार्थियों का प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाईट में जारी किया गया है। डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अनुसार शारीरिक माप परीक्षण, शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि में सुबह 5.30 बजे भर्ती स्थल वन विद्यालय में शामिल होना अनिवार्य है। सीसीएफ आरसी दुग्गा ने हाल ही में दंतेवाड़ा स्थित वन रक्षक भर्ती स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश भी दिए।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

online Booking:-www.tripuryatra.com



दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411